ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 17-06-2022

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2022-06-17 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2022-06-18	2022-06-19	2022-06-20	2022-06-21	2022-06-22
वर्षा (मिमी)	15.0	8.0	5.0	10.0	3.0
अधिकतम तापमान(से.)	24.0	23.0	24.0	24.0	25.0
न्यूनतम तापमान(से.)	12.0	11.0	10.0	10.0	12.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	80	75	70	80	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	35	40	30	40	35
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	6.0	8.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	50	250	50	50	50
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	2	1	4	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में, हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 23.0 से 25.0 व 10.0 से 12.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 6.0-8.0 किमी/ घंटे की गति से उत्तर-पूर्व व पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम दिशा से चलने का अनुमान है। चेतावनीः आज यानी 17 जून 2022 को कहीं-कहीं तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है।

सामान्य सलाहकार:

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.2-0.45 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम से अच्छी है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में हल्की सूखे की स्थिति दर्शाता है | किसान भाई पिछले सप्ताह के मौसम, मौसम पूर्वानुमान और मौसम आधारित कृषि सलाह प्राप्त करने के लिए "मेघदूत ऐप" तथा आकाशीय बिजली के पूर्वानुमान हेतु "दामिनी एप" डाउनलोड करें। मेघदूत व दामिनी ऐप को गूगल प्ले स्टोर (एंड्रॉ इड उपयोगकर्ताओं) और ऐप सेंटर (आईओएस उपयोगकर्ताओं) से डाउनलोड किया जा सकता है|

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में, हल्की वर्षा होने की सम्भावना है। चेतावनीः आज 17 जून को कहीं-कहीं तेज हवाएं (40-50 किमी प्रति घंटे की गति) चलने की संभावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
चावल	सिंचित दशा मे रोपाई का कार्य घाटी व कम ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रों में, माह के द्वितीय पखवाड़े में पूर्ण कर लें।
मक्का	निचले पर्वतीय क्षेत्रों में मक्का फसल की बुवाई पूर्ण करें।
काला चना	पर्वतीय घाटी वाले क्षेत्रों में फसल की बुवाई माह के द्वितीय पखवाड़े में करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
सेब	मध्यम उँचाई वाले पर्वतीय क्षेत्रो में सेब की अगेती प्रजातियो की तुड़ाई प्रारम्भ करे तथा मण्डियो में भेजे।
लीची	लीची में फलों के फटने से बचाव हेतु पानी का छिड़काव करें और उचित रंग आने पर फलों को तोड़ने के उपरांत विपणन की व्यवस्था करें।
आड़ू	आड़ू, प्लम, खुमानी की अगेती किस्मों की तुड़ाई जारी रखें। गुठलीदार फलों को मण्डी भेजे।
टमाटर	टमाटर में फल बेधक का प्रकोप होने पर, क्लोरान्ट्रा निलिप्रोले 18.5 एस0सी0, 150मि0ली0/है0 के छिड़काव के तीन दिन बाद या इन्डोक्साकार्ज 14.5 एस0सी0, 500मि0ली0/है0 की दर से छिड़काव के पाँच दिन बाद ही फल का उपयोग करें। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें|
गोभी	मध्यम ऊंचे पर्वतीय क्षेत्रो में बन्द गोभी, फूल गोभी, ब्रोकली एवं गांठ गोभी की अल्प अवधि में तैयार होने वाली किस्मों का चयन कर पौधशाला में बीज बुवाई करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	विदेशी गायें अधिक गर्मी सहन नही कर पाती जिससे उनके आहार ग्रहण करने की क्षमता में कमी आ जाती है। और उनका उत्पादन प्रभावित होता है। अतः विदेशी गायो का उत्पादन बनाये रखने तथा बीमारियो से बचाव हेतु गौशाला के अन्दर तापमान नियंत्रण हेतू शीतल यंत्र जैसे पंखा, कूलर अथवा आधुनिकतम शीतल यंत्र की व्यवस्था करे।
भेंस	पशुओ को संक्रामक रोग से बचाने हेतु टीकाकरण करवायें।